BSES

बीएसईएस उपभोक्ता अब एनसीआर में भी जमा कर सकेंगे बिजली का बिल

- पूरे एनसीआर में बैंक ऑफ बड़ौदा की 200 शाखाओं में कर सकेंगे बिल का भुगतान
- पहले चरण में यह सुविधा बीआरपीएल उपभोक्ताओं के लिए
- अगले चरण में बीवाईपीएल उपभोक्ताओं को मिलेगी यह सुविधा

नई दिल्लीः 28 सितम्बर, 2016। बीएसईएस उपभोक्ता अब एनसीआर में भी अपना बिजली बिल जमा कर सकते हैं। पहले चरण में बीआरपीएल के 22 लाख उपभोक्ताओं को यह सुविधा उपलब्ध कराई गई है। दूसरे चरण में, बीवाईपीएल के 16 लाख उपभोक्ताओं को भी एनसीआर में बिल भुगतान की सुविधा मुहैया कराई जाएगी।

दिल्ली की सबसे बड़ी बिजली वितरण कंपनी बीएर्सइएस राजधानी पावर लिमिटेड ने, पब्लिक सेक्टर की प्रमुख संस्था बैंक ऑफ बड़ौदा के साथ एक साझेदारी की है। इसके तहत, बीआपीएल के उपभोक्ता अब पूरे दिल्ली–एनसीआर में फैली बैंक ऑफ बड़ौदा की करीब 200 शाखाओं में अपने बिजली बिल का भुगतान कर सकेंगे। इस साझेदारी की घोषणा आज इंडिया हैबिटैट सेंटर में की गई। करार के दौरान सीईओ श्री अमल सिन्हा के नेतृत्व में बीआरपीएल की टीम, और उत्तरी क्षेत्र के जीएम व जोनल हेड श्री आर के गुप्ता के नेतृत्व में बैंक ऑफ बड़ौदा की टीम मौजूद थी।

बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखाओं पर बीआरपीएल उपभोक्ता 4000 रूपये तक का नकद भुगतान कर सकते हैं। इसके अलावा, वे चेक और डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से भी बिजली बिल का भुगतान कर सकते हैं। जिन उपभोक्ताओं का अकाउंट बैंक ऑफ बड़ौदा में है, वे *फंड ट्रांसफर* के माध्यम से भी बिल का भुगतान कर पाएंगे। माननीय डीईआरसी के निर्देशों के तहत, बिजली बिल के नकद भुगतान की सीमा 4000 ही है।

दोनों संस्थाओं के आईटी इंटिग्रेशन की वजह से, बिल भुगतान करने के तुरंत बाद बीआरपीएल उपभोक्ताओं के बिजली बिल का ऑनलाइन वेलिडेशन जाएगा, और भुगतान को तत्काल स्वीकार कर, उसी दिन उसे अपडेट भी कर दिया जाएगा।

बीआरपीएल सीईओ श्री अमल सिन्हा के मुताबिक– बीएसईएस और बैंक ऑफ बड़ौदा के बीच का यह करार काफी लंबा सफर तय करेगा। मैं आश्वस्त हूं कि अपने– अपने क्षेत्रों की दोनों प्रमुख संस्थाएं एक–दूसरे की शक्तियों और विशेषज्ञताओं का फायदा उठाएंगी। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में, बीएसईएस और बैंक ऑफ बड़ौदा की ओर से साझा तौर पर उपभोक्ताओं को डेबिट कार्ड जारी किए जाएंगे और ऑनलाइन भुगतान की साझा सुविधा भी उपलब्ध हो पाएगी।